हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री

11 डीटीपी ने धारूहेड़ा में की 6 एकड़ की अवैध कॉलोनी ध्वस्त, दो पक्के निर्माण तोड़े



12 बाल महोत्सव में बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने मोहा मन, प्रतिभा और उत्साह का दिखा संगम



खबर संक्षेप



अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सिटी पुलिस ने नई आबादी में अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नई आबादी निवासी तिलकराज अवैध रूप से शराब की बिक्री सेक्टर-6-7 के पास अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश दी, तो तिलकराज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से देशी शराब की 12 बोतल बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बावल थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी महिला की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने 13 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कुतुबपुर की खड्डा बस्ती निवासी सागर को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

बिजली कर्मियों की हड़ताल से पहले ही दिन व्यवस्था डगमगाई, ठेकेदार के कर्मचारी नहीं संभाल पाए बिजली सप्लाई की कमान

हड़ताल से बिजली उपभोक्ता बेहाल, हेल्पलेस साबित हुए हेल्पलाइन नंबर, आज पानी की किल्लत के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गुरुग्राम व नूंह में निजी कंपनी को बिजली लाइसेंस देने व निजीकरणके विरोध में वीरवार से शुरू हुई बिजली कर्मियों की तीन दिवसीय हड़ताल का पहले ही दिन व्यापक असर देखने को मिला। बिजली कर्मी बुधवार की रात ही पावर सब स्टेशन छोड़कर चले गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में ब्रेक डाउन हुए फीडरों ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ब्लैकआउट जैसे हालात पैदा करने शुरू कर दिए। बंद हुए फीडरों को चलाना नए और ठेकेदार के कर्मचारियों के लिए आफत बन गया। जिला प्रशासन की हेल्पलाइन खुद हेल्पलेस साबित होती नजर आई। ज्यादातर सब स्टेशनों पर होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं। हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए निगम के जेई व निचले स्तर के 800 से अधिक कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी रात को सब स्टेशन संभालने की थी, वह लगभग 10 बजे ही सब स्टेशन छोड़कर चले गए। इसके बाद अधिकांश सब स्टेशन पर होमगार्ड व पुलिस के जवानों के साथ-साथ प्रोबेशनल कर्मचारी तैनात कर दिए गए। रात को ज्यादातर सब स्टेशनों पर फीडर ट्रिप करने शुरू कर दिए। सब स्टेशन से लेकर फील्ड स्टाफ तक मौजूद नहीं होने के कारण बंद फीडरों को चालू करना मुमकिन नहीं था। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के फीडर बंद हो गए। हड़ताल के बाद जो फीडर ट्रिप नहीं किए, वह निर्बाध रूप से चलते रहे।

वीरवार सुबह तक बड़ी संख्या में फीडर बंद हो चुके थे, जिस कारण ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था शहर की अपेक्षा ज्यादा गहरा गई। नए कर्मचारियों के लिए बंद हुए फीडरों के फॉल्ट तलाशना और उन्हें दूर करना आसान नहीं है। इन कर्मचारियों को लाइन ठीक करने के लिए सर्किट बंद करने तक की जानकारी नहीं है।



रेवाड़ी। शक्ति भवन मे निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सुबह तक 100 से अधिक शिकायत

हड़ताल के दौरान लोगों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए थे। इन नंबरों पर सुबह तक 100 से अधिक शिकायतें आ चुकी थीं, जबकि सुबह 6 बजे तक निगम के पोर्टल पर 60 शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं। हेल्पलाइन नंबर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान से ज्यादा समस्या दर्ज कराने तक ही सीमित रहे। शाम तक फोन पर मिलने वाली शिकायतों की संख्या एक हजार का आंकड़ा पार चुकी थी।

दो दिन में और बिगड़ जाएंगे हालात



अगर बिजली कर्मियों ने हड़ताल जारी रखी, तो आने वाले दो दिन आमजन के लिए आफत भरे साबित हो सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती बंद होने वाली लाइनों को ठीक करने की है। नए और अनुभवहीन कर्मचारियों को संबंधित लाइनों के स्विच के बारे में जानकारी नहीं है। ऐसे में बिना लाइन बंद किए फॉल्ट ठीक करना मुमकिन नहीं है। जानकारी के अभाव में ट्रिप फीडरों को चलाना नए कर्मचारियों के लिए आफत साबित हो रहा है।

सरकारी ऑफिसों में कामकाज बाधित



शहर के कई फीडर बंद होने के बाद सरकारी कार्यालयों में भी बत्ती गुल हो गई। कुछ घंटे बाद ही इन्वर्टरों ने भी साथ छोड़ दिया, जिससे ऑफिसों के कंप्यूटर बंद हो गए। सरकारी कार्यालयों का कामकाज इससे बुरी तरह प्रभावित होना शुरू कर दिया। अपने कार्य के लिए ऑफिस आने वाले लोगों को भी मायूस होकर लौटना पड़ा। अगले दो दिनों में सरकारी कार्यालयों में भी बिजली के बिना कामकाज प्रभावित हो सकता है।

आज से गहराएगा पेयजल का संकट



पेयजल परियोजनाओं का संचालन बिजली पर ही आधारित है। बिजली बाधित होने के बाद पेयजल परियोजनाएं भी ठप हो जाएंगी। पहले दिन पेयजल आपूर्ति को लेकर हालात ज्यादा खराब नहीं हुए, लेकिन अगले दो दिनों में लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ सकता है। लोगों के पास एक दिन का पानी स्टोर हो सकता है, लेकिन लगातार तीन दिन पानी की कमी उनके सामने बड़ी समस्या पैदा कर सकती है।





पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

डीटीपी ने अवैध निर्माणों पर की कार्रवाई

धारूहेड़ा में छह एकड़ की अवैध कॉलोनी ध्वस्त, दो निर्माण तोड़े

कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में अवैध निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से अवैध निर्माण करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के बावजूद प्रॉपर्टी डीलर व कोलोनाइजर अवैध कॉलोनियों विकसित करने में लगे हुए है। वीरवार को डीटीपी विभाग ने अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई की। विभाग की टीम ने धारूहेड़ा क्षेत्र में करीब 6 एकड़ भूमि पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। डीटीपी की टीम की ओर से राजस्व संपदा धारूहेड़ा में करीब 6 एकड़ भूमि पर बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में25 डीपीसी, 3 पक्की चारदीवारी, 2 अवैध निर्माण व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल किया गया। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों में हड़कंप मच गया।

प्लॉट खरीदने से पहले जांच लें कॉलोनी की वैधता



डीटीपी नरेन्द्र नैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करें और प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जानकारी जिला नगर योजनाकार कार्यालय से जरूर लें। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने के बाद विभागीय कार्रवाई होने पर लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कुछ प्रॉपर्टी डीलर कृषि भूमि पर कॉलोनी काटकर लोगों को प्लॉट बेच देते हैं और खरीदारों को जमीन की वैधता के संबंध में पूरी जानकारी नहीं होती। बाद में अवैध निर्माण शुरू होने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। ऐसे में लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जानकारी जरूर लेनी चाहिए।

सामान खरीदते समय मूल्य, समाप्ति तिथि जरूर देखें

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने विद्यार्थियों को अधिकारों व खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से वीरवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल में ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राहक अधिकारों, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री के चयन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में फूड सेफ्टी ऑफिसर संदीप उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट, उसकी पहचान करने के तरीकों तथा अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों का चयन करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक उपभोक्ता बनने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। अध्यक्षता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष डा. आरबी यादव ने की। उन्होंने बताया कि सामान खरीदते समय उचित मूल्य, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि तथा उत्पाद की गुणवत्ता की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने खरीदारी के समय जीएसटी बिल लेने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। यदि किसी ग्राहक के साथ ठगी होती है अथवा उसे घटिया सामान, अधिक मूल्य वसूली या अन्य प्रकार की उपभोक्ता संबंधी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह संबंधित शिकायत निवारण मंचों एवं उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराकर न्याय प्राप्त करने की दिशा में कदम उठा सकता है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष विपिन ढींगरा, डीपी यादव, रमेश सचदेवा, अरुण गुप्ता व होशियार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक मनोज वशिष्ठ व डीपी यादव ने किया। वरिष्ठ अध्यापिका सरोज ने सभी अतिथियों व वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

जिले में राशन डिपो के 207 रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रेवाड़ी हरियाणा सरकार की ओर से गरीब एवं पात्र परिवारों को राशन प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेश में 2651 रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के लाइसेंस आवंटित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 10 अक्टूबर को पोर्टल का शुभारंभ किया था। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर निर्धारित की गई है। डीएफएसओ श्रवण कुमार ने बताया कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 207 राशन डिपो की रिक्तियां हैं। इनका विवरण खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक आवेदक उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। डीएफएसओ ने बताया कि राशन डिपो के लिए आवेदनकर्ता संबंधित वार्ड या गांव का निवासी और बेरोजगार होना चाहिए। उसकी आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि संतोषजनक होनी आवश्यक है। आवेदक का कम से कम 12वीं पास होना और कंप्यूटर का ज्ञान होना भी अनिवार्य है।

खबर संक्षेप



छात्राओं को शारीरिक और मानसिक बदलावों के प्रति किया जागरूक.

रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष सत्र आयोजित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. सीमा मित्तल ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा किशोरावस्था में होने वाले प्राकृतिक बदलावों को समझने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें बिना किसी झिझक के अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर बात करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता सत्र का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार बनाना था।



डिप्टी डीईओ ने किया सीहा में स्कूलों का निरीक्षण, टॉपर्स को किया सम्मानित

रेवाड़ी। डिप्टी डीईओ डा. राजेंद्र सिंह यादव ने वीरवार को सीहा स्थित सीएम ईईई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण कर स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के छठी से बारहवीं कक्षा के टॉपर्स को सम्मानित भी किया। विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने डिप्टी डीईओ को स्कूल संबंधी व्यवस्थाओं से अवगत कराया। डिप्टी डीईओ ने प्रार्थना सभा, सदन प्रकिया, कक्षा प्रबंधन, मिड-डेमील प्रारूप, खेल नर्सरी, प्रयोगशालाओं, टायलेट्स, स्कूल प्रबंधन समिति रिकॉर्ड व बालिका-मंच का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों स्कूलों में कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया तथा शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए।



गायत्री मंत्र मनुष्य को सकारात्मक चिंतन व ज्ञान के प्रकाश की ओर प्रेरित करता: आचार्य

रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गोशाला खोल से आचार्य यशदेव ने आर्य समाज के सिद्धांतों एवं वैदिक विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। उन्होंने आर्य समाज से जुड़ी महत्त्वपूर्ण बातों को सरल एवं सहज भाषा में समझाया। आचार्य ने गायत्री मंत्र के विस्तृत अर्थ की व्याख्या करते हुए बताया कि यह मंत्र मनुष्य को सकारात्मक चिंतन तथा ज्ञान के प्रकाश की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने बुद्धि के विभिन्न प्रकारों के विषय में भी जानकारी दी और विद्यार्थियों को विवेकपूर्ण चिंतन, सही निर्णय लेने तथा अपने ज्ञान का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय वैदिक संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चिंतन को समझने का अवसर मिला।



एचएसईबी डीईए ने निजीकरण के विरोध में राज्यव्यापी हड़ताल में लिया भाग

रेवाड़ी। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की जिला सर्कल इकाई ने वीरवार को निजीकरण के विरोध में शुरू हुई राज्यव्यापी हड़ताल में भाग लिया। यह हड़ताल 22 से 24 अक्टूबर तक लगातार जारी रहेगी। हड़ताल की अध्यक्षता एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान सुनील यादव ने की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से गुरुग्राम-1, गुरुग्राम-2 और नूंह सर्कल में इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को पैरलल लाइसेंसिंग के लिए स्वीकृति दिए जाने के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है। उन्होंने इस निर्णय को गलत बताते हुए कहा कि बिजली वितरण व्यवस्था में निजीकरण से भविष्य में आम जनता और बिजली कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

खबर संक्षेप

रेल जनसंवाद कार्यक्रम में यात्रियों के साथ चर्चा

कोसली। विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कोसली रेलवे स्टेशन पर विशेष रेल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेल यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं स्वच्छता संबंधी अपेक्षाओं को जानना तथा रेलवे सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा। यात्रियों से स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य यात्री सुविधाओं से संबंधित समस्याओं और सुधार के सुझावों पर चर्चा की गई। यात्रियों को स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को निर्धारित कूड़ेदान में डालने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ रेल वातावरण बनाने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

बस स्टैंड के नामकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

कोसली। भाकली गांव की ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने सामान्य बस स्टैंड के लिए मंजूर हुए नए परिसर का नामकरण व उद्घाटन शहीद सत्यप्रकाश सामान्य बस अड्डा भाकली (कोसली) किए जाने की मांग को लेकर वीरवार को गांव से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम एसडीएम विजय कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। नए सामान्य बस स्टैंड के लिए कुल 4 एकड़ भूमि सन 1983 में मंडी टाउनशिप से ट्रांसफर कराई गई थी, जो कि राजस्व क्षेत्र 165 भाकली से अधिग्रहण की गई है। उक्त 4 एकड़ भूमि में से लगभग 3 एकड़ भूमि पर शहीद सत्यप्रकाश राज्य परिवहन कर्मशाला भाकली का उद्घाटन एवं संचालन हो चुका है। प्रस्तावित नए बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर शहीद सत्यप्रकाश की प्रतिमा स्थापित है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी ने समाधान शिविर में आई शिकायतों पर की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त जन शिकायतों का शीघ्र और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जनसुनवाई कर रहे थे। गांव ढाणी शोभा में घर पर पीने का पानी न आने, गांव चंदावास में रास्ते पर अवैध कब्जे, निजी स्कूल की ओर से बच्चे को 134ए के तहत पढ़ाने से मना करने तथा गांव नंदरामपुर बांस में अवैध रूप से मिट्टी उठाने की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में पेयजल, परिवार पहचान पत्र, बिजली, पेंशन सहित अन्य शिकायतें आई, जिनका डीसी ने मौके पर ही अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एडिशनल एसपी दीपिका अग्रवाल, एसडीएम दलबीर सिंह, सीटीएम जितेंद्र कुमार और डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

- एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा बोले कानून-व्यवस्था भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बिजली कर्मचारियों की 24 अक्टूबर तक तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर जिले में कानून-व्यवस्था, शांति एवं आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रूप से बनाए रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिले में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त अभिषेक मीणा की ओर से जिले के सभी बिजली सब स्टेशनों पर धारा 163 लागू की गई है।

इसके तहत सभी मुख्य पावर हाउस, सब-स्टेशन, सभी सरकारी बिजली कार्यालयों और सभी सरकारी भवनों पर बिना अनुमति के एकत्र होने, जुलूस निकालने, धरना-प्रदर्शन करने व लाठी-डंडा या हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी बिजली कर्मचारियों, कर्मचारी संगठनों और आम नागरिकों से शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

एसपी ने कहा कि बिजली आपूर्ति एक अत्यंत आवश्यक सेवा है, जो अस्पताल, पेयजल आपूर्ति, कृषि और आम नागरिकों के दैनिक जीवन से सीधी जुड़ी हुई है। सभी बिजली कर्मचारी जिम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करें और ऐसा कोई कदम न उठाएं, जिससे आमजन को असुविधा हो या कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़े। लोकतंत्र में अपनी बात रखने के कई शांतिपूर्ण तरीके हैं, लेकिन कानून को अपने हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर नजर



एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिजली कर्मचारियों को जबरन काम करने से रोकता है, सरकारी संपत्ति-सब-स्टेशनों को नुकसान पहुंचाता है या बिजली व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी मुख्य पावर हाउस, सब-स्टेशन और सरकारी बिजली कार्यालयों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह, उकसावे वाले बयान या भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीडीओ को एसएनए स्पर्श प्रणाली का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिविर में प्रशिक्षण लेते हुए रेवाड़ी खंड के डीडीओ।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किए जाने वाले भुगतानों को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं ऑनलाइन बनाने के उद्देश्य से अब बिलों का भुगतान एसएनएस स्पर्श प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

इसी कड़ी में खंड रेवाड़ी के सभी डीडीओ को नई भुगतान प्रणाली की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। विवेक कुमार लेखाकार ने प्रशिक्षण रपदान किया। प्रशिक्षण के दौरान डीडीओ को एसएनए स्पर्श प्रणाली के अंतर्गत वित्तीय लेन-देन की प्रक्रिया, बिलों से संबंधित आवश्यक औपचारिकताओं तथा भुगतान के विभिन्न चरणों की जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि संबंधित कार्य पूर्ण होने के उपरांत नियमानुसार बिल एवं आवश्यक दस्तावेज तैयार कर बीआरसी कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्य की गुणवत्ता और मानकों का ध्यान रखें

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी डा. दुष्यंत यादव ने कहा कि सभी डीडीओ यह सुनिश्चित करें कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत कराए जाने वाले प्रत्येक कार्य में निर्धारित वित्तीय नियमों, विभागीय निर्देशों एवं स्वीकृत शर्तों का पूरी तरह पालन हो। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी कार्य को कराने से पहले आवश्यक स्वीकृति एवं औपचारिकताएं पूरी की जाएं तथा कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी बिल एवं संबंधित अभिलेख पूर्ण रूप से तैयार करके समय पर जमा कराए जाएं, ताकि भुगतान में अनावश्यक देरी न हो।

सूरजकुंड में दीपावली मेला आज से, प्रवेश निःशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दीपावली के पावन त्योहार को खास बनाने और लोगों को खरीदारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पारंपरिक व्यंजनों का आनंद उठाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला परिसर में 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक चार दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित होने वाले मेले का शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार भी उपस्थित रहेंगे। वहीं, सोमवार को आयोजित समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सूरजकुंड दीपावली मेला लोगों के लिए खरीदारी, मनोरंजन और भारतीय संस्कृति से रूबरू होने का विशेष अवसर होगा। इसके अतिरिक्त, विशाल फूड कोर्ट में देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक एवं लजीज व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। मेला में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले में 250 से अधिक स्टॉल लगाई जाएंगी। इन स्टॉल पर देश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, पारम्परिक कलाकृतियां, आदि मिलेंगी।



ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर खरीदारी के समय रहे सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा की ओर से आमजन को सचेत करते हुए ओएलएक्स, फेसबुक मार्केट प्लेस व अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बढ़ रही ठगी को लेकर साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी ऑनलाइन खरीद-फरोख्त के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि ठग खुद को आर्मी या पुलिस कर्मचारी बताकर लोगों का विश्वास जीतते हैं और सस्ते दामों पर वाहन, मोबाइल या अन्य सामान बेचने का झांसा देते हैं। इसके पश्चात आरोपी व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से फर्जी पहचान पत्र भेजकर कोरियर-ट्रांसपोर्ट चार्ज या एडवांस पेमेंट के नाम पर पैसे मंगवाते हैं तथा पैसे प्राप्त होते ही अपना मोबाइल नंबर बंद कर लेते हैं। आमजन के लिए जारी सावधानियां अनजान व्यक्ति को किसी भी प्रकार का एडवांस पेमेंट न करें। सामान की खरीद-फरोख्त हमेशा आमने-सामने और सुरक्षित स्थान पर करें। किसी भी पहचान पत्र या आईडी पर विश्वास न करें, उसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि अवश्य करें। बहुत कम कीमत में मिलने वाले सामान के लालच में आकर जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। केवल विश्वसनीय और वेरिफाइड सेलर से ही खरीदारी करें।

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डा. कौशल किशोर यादव ने दी जानकारी

कैंसर की शुरुआती पहचान पर इलाज प्रभावी

शरीर में कोई बदलाव लंबे समय तक बना रहे तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कैंसर के कई मामलों में शरीर कुछ ऐसे संकेत देता है, जिन्हें अक्सर लोग मामूली परेशानी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। शरीर में गांठ, बिना कारण वजन कम होना, लंबे समय तक खांसी रहना, निगलने में परेशानी या असामान्य रक्तस्राव जैसे लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है। इन लक्षणों का मतलब हमेशा कैंसर नहीं होता, लेकिन समय पर जांच कराने से बीमारी के सही कारण का पता लगाया जा सकता है। गुरुग्राम अस्पताल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डा. कौशल किशोर यादव ने बताया कि यदि शरीर में कोई बदलाव लंबे समय तक बना रहे या बार-बार दिखाई दे, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। लगातार थकान, पेट में दर्द, मल-मूत्र की आदतों में बदलाव, त्वचा पर तिल के रंग और ऐसा घाव जो ठीक न हो तो कैंसर सहित कई अन्य बीमारियों के संकेत हो सकते हैं।

मरीज के लक्षणों और मेडिकल हिस्ट्री की ली जाती है जानकारी



डा. यादव ने बताया कि कैंसर की जांच में सबसे पहले मरीज के लक्षणों और मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी ली जाती है। इसके बाद शारीरिक जांच और जरूरत के अनुसार खून की जांच, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, एमआरआई या एंडोस्कोपी की सलाह दी जा सकती है। यदि किसी जगह पर संदिग्ध गांठ या असामान्य बदलाव मिलता है, तो बायोप्सी की मदद से ऊतक का नमूना जांचा जाता है। इससे कैंसर की पुष्टि करने में मदद मिलती है। कैंसर की शुरूआती पहचान होने पर कई मामलों में इलाज अधिक प्रभावी हो सकता है। जांच में देरी होने से बीमारी का पता चलने और इलाज शुरू होने में समय लग सकता है। इसलिए लक्षणों को नजरअंदाज करने या खुद से दवा लेने के बजाय विशेषज्ञ की सलाह लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह भी समझना जरूरी है कि स्क्रीनिंग और बीमारी की जांच अलग-अलग हैं। स्क्रीनिंग बिना लक्षण वाले लोगों में कुछ कैंसर का शुरूआती पता लगाने के लिए की जाती है। इसकी जरूरत उम्र, पारिवारिक इतिहास और जोखिम के आधार पर तय होती है।

Residence Welfare Association Antriksh Tower
Antriksh Tower-04, BMG Antriksh City, Sector- 26, Rewari (HR.) 123401
E-mail: antrikshrwa2023@gmail.com | Regd. No.: HR-17-2023-01009

निविदा सूचना

निविदा सूचना – आरडब्ल्यूए अंतरिक्ष टावर, सेक्टर 26-27, रेवाड़ी। निविदा आमंत्रित ब्रोकर पैनल हेतु। पंजीकरण शुल्क 11,000/- सुरक्षा राशि 1,00,000/- (पंजीकरण के समय) ग्राहक से सभी आकार के फ्लैट किराए पर लेने हेतु एकमुश्त निश्चित सेवा शुल्क। शर्तें:- 1. कॉमर्शियल शॉप पंजीकरण, 2. रेरा से ब्रोकर पंजीकरण, 3. कार्यालय का पता, 4. बैंक विवरण, 5. सुरक्षा राशि।
अंतिम तिथि: 31 अक्टूबर 2026, संपर्क: 7056484747, 9728471755
आरडब्ल्यूए कोषाध्यक्ष



मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में हुआ बाल महोत्सव

बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने मोहा मन, प्रतिभा व उत्साह का दिखा संगम

आज क्ले मॉडलिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ग, पोस्टर मेकिंग द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग ग्रुप डांस तथा सोलो सॉन्ग प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

■ कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मॉडल टाउन स्थित बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों, रचनात्मकता और उत्साह ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित करके किया। बाल महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डांस तृतीय समूह, फन गेम्स लड़के एवं लड़कियां तृतीय समूह, फैंसी ड्रेस प्रथम समूह, बेस्ट ड्रामेबाज प्रथम समूह, डेक्लामेशन चतुर्थ समूह, क्विज प्रतियोगिता चतुर्थ समूह तथा कार्ड मेकिंग प्रथम समूह सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, कौशल और प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन श्रुति शर्मा ने कहा कि बाल महोत्सव बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानने, उन्हें निखारने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सभी प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लें तथा अपनी प्रतिभा को सामने लाएं। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 23 अक्टूबर को बाल महोत्सव के अंतर्गत क्ले मॉडलिंग प्रथम एवं द्वितीय वर्ग, पोस्टर मेकिंग द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग, ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग तथा सोलो सॉन्ग द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की सदस्य एकता कौशिक व बलजीत, सैनी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अनीता यादव, कैनाल वैली पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रेखा, डा. ज्योत्सना यादव, पिंकी पीओ बाल भवन, अजमेर गोदारा पीओ आस्था कुंज तथा रोशनी सुपरवाइजर बाल भवन सहित बाल भवन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।







रेवाड़ी। ग्रुप डांस की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं के रिजल्ट

समूह नृत्य ग्रुप तीन: आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसाका प्रथम, कैनाल वैनी पब्लिक स्कूल द्वितीय व सैनी पब्लिक स्कूल तृतीय तथा शहीद कैप्टन डीके खोला जीजीएसएसएस जैनाबाद, विवेकानंद स्कूल धारूहेड़ा, डीपीएस धरचाना, केरला पब्लिक स्कूल, सर्व हिंद पब्लिक स्कूल, वीआईपी स्कूल व राव दीनाराम शिक्षण संस्थान को सांत्वना स्थान मिला।

फन गेम्स ब्वायज ग्रुप तीन: नमन आरपीएस पब्लिक स्कूल प्रथम, हिमांशु स्वामी विवेकानंद एसएसएस गुरावड़ा द्वितीय व देवेश केरला पब्लिक स्कूल तृतीय।

फन गेम्स गर्ल्स ग्रुप तीन: साक्षी आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसाका प्रथम, याशिका फोगाट केरला पब्लिक स्कूल द्वितीय व मिष्टी सर्व हिंद पब्लिक स्कूल तृतीय।

फैंसी ड्रेय ग्रुप एक: हियान आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसाका प्रथम, माधव आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय व भव्य डीपीआईएस सनसिटी तृतीय।

बेस्ट ड्रामेबाज ग्रुप एक: यति आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसाका प्रथम, सायरा आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय व जेनिशा आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली तृतीय।

डिक्लेमेशन ग्रुप चार: इशिका आरपीएस पब्लिक स्कूल प्रथम, रितिका जीएसएसएस बनीपुर द्वितीय व हर्षित यादव यदुवंशी शिक्षा निकेतन तृतीय।

क्विज कांटेस्ट ग्रुप चार: यशस्वी राव व यशोवर्धन आरपीएस पब्लिक स्कूल प्रथम, लक्ष्य वर्मा व सर्वेश कुमार केरला पब्लिक स्कूल द्वितीय व याशिका व खुशी सी आर इंटनेशनल स्कूल तृतीय।

कार्ड मेकिंग ग्रुप एक: वैभवी डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल प्रथम, जपनीत आरपीस इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय व सुहानी केरला पब्लिक स्कूल तृतीय।

खबर संक्षेप

कोर्ट से घोषित पीओ किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस के पीओ स्टाफ ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। चेक बाउंस के बाद कोर्ट में चल रहे मामले में गुरावड़ा निवासी सोनू अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था। बार-बार नोटिए भेजे जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो उसे कोर्ट ने पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। मॉडल टाउन थाने में उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पीओ स्टाफ ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। इन हादसों में दो लोगों की मौत हो गई थी। कसोला थाना पुलिस ने साल्हावास के पास हुए हादसे के बाद 10 अक्टूबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक पीथनवास निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया है। एक अन्य हादसे के बाद पुलिस ने 19 अक्टूबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसमें चालक राजस्थान के कोटपुतली के बीलवाड़ी निवासी दिनेश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है।

35 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

रेवाड़ी। गांव रामसिंहपुरा में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी सुनील के रूप में हुई है। युवक की उम्र करीब 35 वर्ष है। देवेंद्र सिंह लांबा ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद ईआरवी मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल सुनील की ओर से आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

वार्षिक उत्सव को लेकर बैठक रविवार को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 25 अक्टूबर को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा वार्षिक उत्सव की तैयारी को लेकर कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टर मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, चर्म रोग व स्त्री रोग में ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। फिजियोथेरेपी में फ्री कंसल्टेंसी सर्विसेज भी दी जाएगी।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

रेवाड़ी। खटावली से राजपुरा की ओर जाने वाली नहर के किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

खटावली से राजपुरा की ओर जाने वाली नहर के पास मिला शव, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था मृतक

घटनास्थल पर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी बुलाया गया। वीरवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि नहर किनारे एक पेड़ पर युवक का शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान सुरेंद्र निवासी गांव गोंडा प्रवाह जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। वह रेवाड़ी क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई ने बताया कि सुरेंद्र बीती रात से लापता था। तलाश के दौरान नहर की ओर जाने वाले क्षेत्र में उसका शव पेड़ से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

2 किलो 44 ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक नशा तस्कर दबोचा



धारूहेड़ा। सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने नशा तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 44 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमित शर्मा निवासी गांव रानीताल जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश हाल किरायेदार मोहल्ला हरिनगर धारूहेड़ा के रूप में हुई है। बुधवार रात्रि सीआईए को सूचना मिली कि धारूहेड़ा के मोहल्ला हरिनगर स्थित गली नंबर-4 में एक किराए की बिल्डिंग के सामने एक युवक अवैध रूप से नशीला पदार्थ गांजा बेचने का धंधा कर रहा है। सूचना पर सीआईए टीम ने मौके से युवक को दबोच लिया।

व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में अब तक 13 आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने माणिक निवासी गांव धनिया जिला झज्जर व देवेंद्र उर्फ हर्ष उर्फ लंबू निवासी गांव आम्बोली को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में 11 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। विश्वकर्मा कॉलोनी कोसली निवासी कमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी गली में रामकुमार की ओर से खोदी गई कुंई के धंसने से उसके मकान की दीवारों में दरारें आ गई थी, जिसको लेकर विवाद चल रहा था।

20 अगस्त को वह अपने दोस्त रोहित, दुष्यंत और सुनील कुमार के साथ गाड़ी में कोसली के एसडीएम कार्यालय में शिकायत देने गया था। उसके पिता जयप्रकाश भी वहां पहुंचे थे। शिकायत दर्ज कराने के बाद जब वे लौट रहे थे, तभी उसके दोस्त दुष्यंत के व्हाट्सएप पर सचिन उर्फ गोलू का कॉल आया, जिसने शिकायत के संबंध में बातचीत करने के लिए उन्हें कोसली बाईपास नहर पर बुलाया।



इंटर सदन सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में सावित्री बाई फुले सदन बना विजेता

रेवाड़ी। सैनी पब्लिक स्कूल में इंटर सदन सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें लक्ष्य, मुस्कान, रमन, शिवम, जिया, गौरवी, लक्ष्य दीक्षित व पूर्वी सावित्री बाई फुले सदन, पुलकित, अजब, सक्ष्य, साहिल, दीपिका, वर्षा, केशव व इशानी रानी लक्ष्मीबाई सदन, माहिरा, राघव, भावेश, स्नेहा, योहाना, हर्षित, शिवांश व नमन महाराजा शूर सैनी सदन तथा लावण्या, एकता, शिवांश, ध्रुवी, तनशी, यश, अनन्या व रूही ने ज्योतिबा फुले सदन से हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी व चौथी से प्रथम स्थान पर सावित्री बाई फुले सदन, दूसरे स्थान पर ज्योतिबा फुले सदन तथा तीसरे स्थान पर महाराजा शूर सैनी सदन रहा। कक्षा पांचवी से आठवीं में प्रथम स्थान पर सावित्री बाई फुले सदन, दूसरे स्थान पर महाराजा शूर सैनी सदन तथा तीसरे स्थान पर रानी लक्ष्मी बाई सदन रहा। सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, नगर पार्षद चेतराम सैनी, सलाहकार समिति के चेयरमैन शशि भूषण सैनी, पब्लिक स्कूल के चेयरमैन कैलाश सैनी, कार्यकारिणी एवं कॉलेजियम सदस्यों ने विजेता टीम को बधाई दी।

श्री राम का हुआ राजतिलक बने अयोध्या नरेश

रेवाड़ी। श्री घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला के मंच पर बुधवार रात्रि श्रीराम सीता को लेकर लक्ष्मण व हनुमान सहित अयोध्या पहुंचते हैं। उनके आने की खुशी में घर-घर दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाई जाती है। इसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक करके अयोध्या का राजा बनाया जाता है। रामलीला के मुख्य संरक्षक अशोक कुमार शर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंघल और राकेश गर्ग ने श्रीराम को तिलक लगाया। रामलीला कार्यकारिणी के सदस्यों व कलाकारों ने श्रीराम का पूजन कर आशीर्वाद लिया। रामलीला में ललित ने राम, रूपेश ने सीता, हिमांशु ने लक्ष्मण व वैभव ने हनुमान की भूमिका निभाई, जबकि अमित ने ऋषि विश्वामित्र, भारत ने भरत व दीपक ने शत्रुघ्न का किरदार अदा किया। रामलीला के मंचन में मुख्य निर्देशक भारत भूषण कश्यप, राजेश पंवार, डा. सुभाष गुप्ता, श्रीपति शेखावत, श्याम गुप्ता, भारत भूषण कश्यप, विजय पंवार, संजय सैनी, मनीष सैन, सुनील भटनागर, विकास गुप्ता, लोकेश गोयल, जयभूषण शर्मा, लवली सोनी, कर्ण गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, लाला राम गुप्ता, नानक गुप्ता व सचिव याद के सुगंध ने सहयोग दिया। रामलीला समिति की ओर से सभी सहयोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



शराब ठेकों पर लूटपाट व तोड़फोड़ करने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सीआईए रेवाड़ी टीम ने बावल क्षेत्र में शराब ठेकों पर हथियार दिखाकर लूटपाट, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त एक औरआरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल-तिजारा के गांव नांगल सिया निवासी अरविंद उर्फ शेरा के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गत 7 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे थाना बावल पुलिस को सूचना मिली कि गांव पावटी, किशनपुर और नांगल उगरा स्थित शराब के ठेकों पर दो गाड़ियों और दो बाइकों पर सवार होकर आए करीब 8-10 युवकों ने तांडव मचाया।

बीकानेर स्कूल में बच्चों ने किया सीता स्वयंवर का मनमोहक मंचन

रेवाड़ी। शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीकानेर में विद्यालय मुखिया शर्मिला यादव एवं शिक्षिका सुनीता रानी के संयुक्त नेतृत्व में रामलीला के अंतर्गत सीता स्वयंवर का मनमोहक मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह, आत्मविश्वास और शानदार अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रसंग को जीवंत कर दिया। मंचन में वंशिका ने राम, इंदु ने लक्ष्मण, सौम्य ने सीता, गर्वित ने विश्वामित्र, तनुज ने परशुराम, वंश ने राजा जनक, रजनी ने उर्मिला तथा मासूम ने मांडवी की भूमिका निभाई। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शाया कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी भी अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय मुखिया शर्मिला यादव ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है। राज्य शिक्षक पुरस्कार अवार्डी अध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास के केंद्र भी हैं। रामलीला जैसे आयोजन विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम की मर्यादा, माता सीता के धैर्य, लक्ष्मण की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता जैसे जीवन-मूल्यों से परिचित कराते हैं। इस अवसर पर गंगायचा अहीर विद्यालय से शिक्षिका मंजू रानी, उर्मिला, संतोष, रविंद्र, संतरा, मूर्ति, मीनाक्षी व सोमवती सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।



कोसली में 40 साल पुराने मकानों पर संकट एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कोसली। हरियाणा सरकार के नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग की ओर से 8 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना के नए ले-आउट प्लान को लेकर कोसली के साल्हावास रोड़ भाकली-2 क्षेत्र के निवासियों में चिंता का माहौल है। नए नक्शे में दशकों पुराने रिहायशी मकानों और दुकानों को ग्रीन बेल्ट में दर्शा दिया गया है। समस्या के समाधान के लिए साल्हावास रोड़ भाकली-2 के दर्जनों नागरिकों व दुकानदारों ने कोसली के एसडीएम से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। प्रभावित नागरिकों ने कहा कि वे इस क्षेत्र के वर्ष 1980 से भी पहले से यहां निवास कर रहे हैं, जब रेवाड़ी अलग जिला भी नहीं बना था। प्रभावित क्षेत्र में आने वाले मकान और व्यावसायिक दुकानें वर्ष 1980 या उससे भी पहले से मौके पर स्थापित हैं।

प्रोडिजी स्कूल की डांडिया नाइट में धमाल, गीतों की धुनों पर जमकर थिरके बच्चे व अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल की सेक्टर-4 स्थित प्रोडिजी शाखा में डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में थिरकते बच्चों व अभिभावकों ने डांडिया महोत्सव का जमकर लुफ्त उठाया। मुख्य अतिथि हरियाणा की कौशल विकास अधिकारी शिखा अग्रवाल ने सनातन मूल्यों व पारंपरिक उत्सवों के संरक्षण के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की सराहना की। डांडिया महोत्सव में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ सजावट की वस्तुओं, रेडिमेड वस्त्र, पर्स व ज्वैलरी के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उपप्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन व कोषाध्यक्ष सचिन जैन के साथ शासकीय निकाय सदस्य निपुण जैन, रविंद्र जैन, प्रद्युमन जैन व विजय जैन, प्रधानाचार्य प्रतिमा शर्मा, उपप्रधानाचार्या विजय गुप्ता, अंकुर प्रभारी लीना मखीजा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रधानाचार्या ने अतिथियों का शाब्दिक अभिनंदन किया। बच्चों ने मां काली के नृत्य एवं राम वनवास से रावण वध तक की गाथा को शानदार तरीके से प्रस्तुत कर समां बांधा। अभिभावकों ने युगल नृत्य एवं समूह नृत्य में रंग जमाया।



एक करोड़ 85 लाख रुपये के विकास कार्यों का हुआ उद्घाटन

कोसली। कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि जनसेवा ही उनका सच्चा संकल्प है। कोसली हलके का एक भी गांव विकास कार्यों से वंचित न रहे, उनका यही प्रयास है। विधायक ने गांव बेरली कलां में 1.85 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें 80 लाख रुपये की राशि से बने आईटीआई बेरली से चौकी नंबर-2 तक का मार्ग, 65 लाख की राशि से निर्मित बेरली-बालधन कलां जोहड़ तक का रास्ता व 40 लाख रुपये की लागत से बनाए गए गांव के रास्ते एवं जोहड़ का ट्रैक शामिल है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में विकास के काम कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोसली हलके के सभी गांव आपस में बढ़िया गुणवत्ता के बने रास्तों से लिंक हों और लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलें, उनका यही प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में जाटूसाना पंचायत समिति की चेयरमैन सरोज देवी, नाहड़ ब्लाक के चेयरमैन दुष्यंत सिंह, वाइस चेयरमैन विक्रम, जिला पार्षद जीवन हितैषी, मंडल अध्यक्ष सविता, छोटेलाल, सुरेंद्र, जयवीर यादव, राजकुमार कतोपुरी, उदयभान डागर व बेरली सरपंच भारत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

आईजीयू के कॉमर्स क्लब की एड-मेनिया विज्ञापन निर्माण प्रतियोगिता में राहुल व कीर्ति बने विजेता

■ सह-संयोजक डा. संदीप पुरवा ने सभी का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के कॉमर्स क्लब की ओर से एड-मेनिया विज्ञापन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वाणिज्य विभाग के स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता, नवाचार और विपणन कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक और नवाचार-आधारित आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रणनीतिक सोच और उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुकूल ढालने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. रवींद्र ने कहा कि आज के आधुनिक और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। सच्चा और सफल व्यावसायिक वही है, जो अपने नवाचार और रचनात्मक विचारों से समाज व बाजार को नई दिशा दे सकें। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डा. देवेंद्र एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग, डा. पवन कुमार सहायक प्रोफेसर होटल एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग, डा. मेघा सहायक प्रोफेसर और डा. मंजीत सहायक प्रोफेसर शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राहुल एवं कीर्ति, द्वितीय स्थान खुशी एवं नेहा तथा तृतीय स्थान वंशिका एवं दिव्या ने प्राप्त किया। कॉमर्स क्लब के संयोजक डा. ईश्वर शर्मा एवं सह-संयोजक डा. संदीप पुरवा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। मंच संचालन डा. प्रियंका रंगा ने किया, जबकि डा. संदीप यादव ने आयोजन के प्रबंधन एवं व्यवस्था में योगदान दिया। सह-संयोजक डा. संदीप पुरवा ने सभी का आभार व्यक्त किया। विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अन्य शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

विपणन चुनौतियों से रूबरू कराना उद्देश्य

वाणिज्य संकाय की डीन एवं कॉमर्स क्लब की निदेशक प्रो. अदिति शर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच विकसित करना और उन्हें वास्तविक कॉपोरेट दुनिया की विपणन चुनौतियों से रूबरू कराना है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी टीमों ने पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों एवं आधुनिक सेवाओं की थीम पर आधारित आकर्षक पावरपॉइंट प्रस्तुतीकरण दिए। विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली पेंसिल, यूपीआई पेमेंट ऐप, परफ्यूम ब्रांड, हैंड वॉश, बेकिंग सर्विसेज और सोंधी मिट्टी की खुशबू पर आधारित पेट्रीचोर जैसे लीक से हटकर और मौलिक विषयों पर अपने विज्ञापन तैयार किए।